Title: Need to develop ?Pratap Circuit? connecting the places associated with Maharana Pratap

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद के अंतर्गत प्रताप सर्किट विकसित करने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । वीर योद्धा महाराणा प्रताप मेवाड़ एवं राजस्थान के ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए पूजनीय हैं । मेवाड़ में आने वाला हर पर्यटक महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े स्थलों का दर्शन लाभ लेना चाहता है और उनके जीवन में हुए संघर्षों को समझना चाहता है । मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद में महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े कुम्भलगढ़, हल्दीघाटी और दिवेर दुर्ग आदि बहुत से स्थल आते हैं ।

केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न सर्किटों के माध्यम से पर्यटन एवं दर्शनीय स्थलों को विकसित किया जा रहा है । इसी तर्ज पर महाराणा प्रताप और मेवाड़ के अन्य शूरवीरों से सम्बंधित त्याग, बलिदान, उनकी जन्मस्थली-कर्मस्थली, वहां के गढ़ों, किलों, धरोहरों एवं पवित्र रणभूमि हल्दीघाटी जैसे स्थलों को प्रताप सर्किट के रूप में विकसित किया जा सकता है । अतः मेरी सरकार से मांग है कि मेवाड़ क्षेत्र के विकास एवं हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के मूल्यों के सम्मान हेतु प्रताप सर्किट के रूप में योजना बनाकर महाराणा प्रताप से सम्बंधित विभिन्न स्थलों को विकसित किया जाए ।